
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-170 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 02 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## 'गौ माता के साथ हिमाकत की तो 7 पुश्तें याद रखेंगी'; सीएम योगी का बड़ा बयान



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिजनौर के ऐतिहासिक धामपुर में एक बेहद आक्रामक और भावुक रूप में नजर आए। मुख्यमंत्री ने बिजनौर की धरती से न सिर्फ क्षेत्र को अरबों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी, बल्कि पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए 1,645 हिंदू परिवारों और 50 पूर्व सैनिकों को उनकी जमीन का 'भूमिधरी अधिकार पत्र' और प्रधानमंत्री आवास की चाबियां भी सौंपी।

दशकों से अपने वतन में शरणार्थी का जीवन जी रहे विस्थापितों को अधिकार सौंपते हुए मुख्यमंत्री ने बिजनौर को महाभारत और धर्म की रक्षा करने वाली पावन भूमि बताया। अपने संबोधन में सीएम योगी ने बिजनौर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व का जिक्र करते हुए सनातन संस्कृति और सुरक्षा पर बड़ा



बयान दिया। उन्होंने कहा: 'यह महाभारत की पावन धरती है और बिजनौर ने इतिहास को बनते हुए देखा है। यह हमेशा से धर्म की रक्षा करने वाली धरती रही है। याद रखिए, जहां एक ओर शांति जरूरी है, वहीं धर्म की स्थापना के लिए 'सुदर्शन चक्र' भी उतना ही जरूरी है। अगर आपके सामने 'खर-दूषण' खड़े हों, तो मर्यादा की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना ही होगा। सीएम योगी ने 'दोस्ती के नाम पर धोखेबाजी' करने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी। गाजियाबाद की एक हालिया घटना का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी और विश्वासघात का धंधा अब उत्तर प्रदेश में कतई नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे तीखा हमला गोवंश की सुरक्षा और गाय को लेकर राजनीति करने वालों पर रहा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गाय हमारी आस्था का केंद्र है और इसके साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने कहा, 'जो लोग गाय को महज एक साधारण 'पशु' कहते हैं, उनकी बुद्धि पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। हमने आदिकाल से गौ और गंगा को अपनी माता माना है। 'गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है', यह हमारी रगों में बसा है। जैसे किसी बेटे को यह नहीं बताना पड़ता कि उसकी माता कौन है, वैसे ही हमें बताने की जरूरत नहीं है। बता दें, सीएम योगी ने कुछ मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ मौलाना अब कहते हैं कि इसे राष्ट्रीय पशु कहो, लेकिन हम इसे अपनी माता मानते हैं और गौ माता के खिलाफ कोई भी साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने गर्जना करते हुए अपराधियों को चेतावनी दी, 'गौ माता के प्रति कोई हिमाकत मत करना। अगर किसी ने गौ माता के साथ कुछ भी गलत करने की कोशिश की, तो उसकी आने वाली 7 पुश्तें याद रखेंगी। राजनीतिक संदेशों के साथ-साथ सीएम योगी ने मंच से 1,645 विस्थापित हिंदू परिवारों के जीवन में आए इस ऐतिहासिक बदलाव पर खुशी जाहिर की। इन परिवारों को अब उत्तर प्रदेश में कानूनी मान्यता, जमीन का मालिकाना हक और पक्के मकान मिल गए हैं, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा हमेशा के लिए सुनिश्चित हो गई है। इसके साथ ही देश की सीमा पर शौर्य दिखाने वाले 50 पूर्व सैनिकों को भी भूमि अधिकार पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अगर की ये गलती तो बंद हो जाएगा योजना का लाभ, जांच के दायरे में 8 लाख से ज्यादा किसान

( यंग भारत न्यूज )

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। केंद्र सरकार अब उन लाभार्थियों के रिकॉर्ड की जांच कर रही है जिनकी जानकारी में किसी प्रकार की गड़बड़ी, अधूरापन या अन्य विसंगतियां सामने आई हैं।

इसी क्रम में राजस्थान के हिण्डोली में संदिग्ध श्रेणी में चिन्हित किसानों के सत्यापन के आदेश जारी किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से जिले में बड़ी संख्या में किसानों को जांच के लिए चिह्नित किया गया है। इन किसानों को योजना का लाभ जारी रखने के लिए अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। अधिकारियों का कहना है कि यह प्रक्रिया योजना में पारदर्शिता बनाए रखने और केवल पात्र किसानों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रेस नोट के अनुसार जिले के कुल 8,07,304 किसानों को संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है। यह संख्या काफी बड़ी है, इसलिए प्रशासन ने सत्यापन प्रक्रिया को गंभीरता से शुरू किया है। इन सभी किसानों के भूमि रिकॉर्ड और अन्य जरूरी जानकारियों की जांच की जाएगी। सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिले जो इसके लिए पात्र हैं



और जिनकी जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सही दर्ज है। अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में ऐसे रिकॉर्ड सामने आए हैं जिनमें पूर्व और वर्तमान दोनों भूमिधारक एक ही भूमि के आधार पर योजना का लाभ लेते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा कुछ मामलों में नामांतरण की प्रक्रिया के दौरान जानकारी पूरी तरह अपडेट नहीं हुई है। विरासत के अलावा अन्य कारणों से हुए नामांतरण, भूमि स्वामित्व में बदलाव और पूर्व मालिक की अधूरी या गलत जानकारी भी किसानों को संदिग्ध सूची में शामिल किए जाने के प्रमुख कारण बताए गए हैं। इसी वजह से रिकॉर्ड की दोबारा जांच की जा रही है। संदिग्ध श्रेणी में शामिल किसानों को अपने जरूरी दस्तावेज पीएम किसान पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। किसान यह प्रक्रिया स्वयं ऑनलाइन पूरी कर सकते हैं। जिन किसानों को तकनीकी सहायता की जरूरत है, वे ई-मित्र केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टाष्ट) की मदद भी ले सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेज अपलोड करना और सही जानकारी उपलब्ध कराना सत्यापन प्रक्रिया का जरूरी हिस्सा है। समय पर यह प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर लाभ मिलने में परेशानी आ सकती है। किसानों की ओर से दस्तावेज जमा किए जाने के बाद संबंधित आवेदनों की जांच तहसील स्तर पर की जाएगी। अधिकारी उपलब्ध रिकॉर्ड और अपलोड किए गए दस्तावेजों का मिलान करेंगे। सत्यापन पूरा होने के बाद मामलों को जिला नोडल अधिकारी, पीएम किसान के पास भेजा जाएगा। वहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी और पात्रता के अनुसार लाभ जारी रखने या अन्य आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। तहसीलदार कार्यालय ने पटवार हल्का स्तर पर भी विशेष निर्देश जारी किए हैं। संबंधित अधिकारियों को कहा गया है कि वे चिन्हित लाभार्थियों तक सूचना पहुंचाएं और उन्हें समय पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए जागरूक करें। प्रशासन चाहता है कि किसी भी पात्र किसान को केवल जानकारी के अभाव में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी कारण स्थानीय स्तर पर भी किसानों से संपर्क कर सत्यापन कार्य को तेजी से पूरा करने की तैयारी की गई है।

## सुर्खियां.............

### घर बैठे होगी इण्टरनैशनल आर्टिकल की बुकिंग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** बदलते समय के साथ ही डाक विभाग भी अपनी सेवाओं को अपडेट कर रहा है। पहले जो इण्टरनेशनल पार्सल अथवा डाक (आर्टिकल) पोस्ट ऑफिस आकर बुक कराने पड़ते थे, अब विभागीय कर्मचारी उन्हें आपके घर से ही कलेक्ट करेगा और निर्धारित स्थान के लिए बुक करके भेजने का प्रबन्ध करेगा।

### बुढ़ापे में कर रहा था लड़कीबाज़ी पुलिस ने छेड़छाड़ का दर्ज कर लिया मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । लगभग एक पखवारे पूर्व गांव में स्थित नल पर पानी भरने गई बहनों में से गांव के ही अधेड़ व्यक्ति ने एक बहिन को रुपये देकर टॉफी लेने भेज दिया। जबकि दूसरी बहिन को अपने साथ घर ले जाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। गांव के लोगों के देख लेने पर धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की मां ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए अपने बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लिया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही द्वारा गांव-गांव और मोहल्लों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की जा रही है। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाने का संकल्प लिया।

## 'छाती कूट रुदाली गान करने लगे.', सूर्या हत्याकांड के आरोपी असद के एनकाउंटर पर सियासत तेज, ओपी राजभर ने सपा पर साधा निशाना

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड के आरोपी असद के पुलिस एनकाउंटर के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई द्वारा एनकाउंटर पर सवाल उठाए जाने के बाद यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी पर तीखा हमला बोला है।

राजभर ने कहा कि सूर्या चौहान की हत्या के समय सपा नेताओं की ओर से न तो घटना की निंदा की गई और न ही पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है, तो सपा नेता उसके समर्थन में बयान दे रहे हैं। अखिलेश यादव जी, जरा अपने प्रवक्ताओं को इंसानियत का पाठ



पढ़ाइए !बकरीद पर आपके वोटर असद ने मासूम सूर्या चौहान की कुर्बानी दे दी और सोशल मीडिया में फक्र से वीडियो डालता रहा... जब पुलिस ने उसे मुठभेड़ में ठोंका तो आपके प्रवक्ता छाती कूट रुदाली गान करने लगे... कह रहे हैं कि उन्हें ऐसी कानून व्यवस्था नहीं चाहिए। तो कैसी व्यवस्था चाहिए आपको...? क्या पीडीए यानी 'पीट देगा अहीर' और 'पीट देगा अल्पसंख्यक' (सपाई) वाली व्यवस्था चाहिए ?अरे अखिलेश यादव जी, बेचारा सूर्या चौहान तो 17 साल का लड़का था, मूंछ के बाल भी ढंग से नहीं फूटे थे उसके। अगर यूपी पुलिस की कार्रवाई से उसके परिवार को न्याय मिला तो आप और आपके प्रवक्ताओं के घर में मातम क्यों पसर गया? कल आपके प्रवक्ताओं के घर में चूल्हा क्यों नहीं जला? थोड़ा तो शर्म कीजिए। आप तो मुंह में दही जमाकर बैठे हैं। सूर्या चौहान की निर्मम हत्या की निंदा तो छोड़िए, अब तक आपके मुंह से उस परिवार के प्रति संवेदना के दो शब्द भी नहीं फूटे हैं। वोट बैंक के लिए आप लोग कितने घटिया स्तर पर उतर सकते हैं, ये यूपी ही नहीं पूरा देश देख रहा है। बहुजन साथियों देख लेना! जब अगली बार ट्विटर, एसी और पीसी वाले नेता जी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, तब असद के एनकाउंटर पर छाती पीटते और मातम मनाते दिखेंगे। नए यूपी की मजबूत कानून व्यवस्था की जगह अपने पीडीए यानी 'पीट देगा अहीर' व्यवस्था की तारीफ करेंगे, लेकिन इनके वोटरों द्वारा पिछले कुछ दिनों से अमेठी, चंदौली, लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य जनपदों में बहुजनों पर किए जा रहे अत्याचार पर इनका मुंह नहीं खुलेगा।

सूर्या को तो छोड़ ही दीजिए ।सपाइयों शर्म करो...चुल्लू भर पानी में डूब मरो दरअसल, गाजियाबाद में सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामेई ने एनकाउंटर की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपी पहले से पुलिस की हिरासत में था और बाद में उसका एनकाउंटर कर दिया गया। अमीक जामेई ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा था कि कानून के शासन में हर कार्रवाई पारदर्शी और न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप होनी चाहिए। असद के एनकाउंटर के बाद प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी लगातार तेज हो रही है। एक ओर सत्तापक्ष पुलिस कार्रवाई को न्याय की दिशा में उठाया गया कदम बता रहा है, वहीं विपक्ष इस कार्रवाई की वैधता और प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में यह मामला अब कानून व्यवस्था के साथ-साथ राजनीतिक बहस का भी बड़ा मुद्दा बन गया है।

## पुलिसकर्मियों को एडवांस ट्रेनिंग,साइबर सुरक्षा के लिए हाईटेक सेंटर

### यूपी डीजीपी ने बताईं 10 प्राथमिकताएं

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने यूपी पुलिस के स्थायी मुखिया के तौर पर सोमवार को प्रेसवार्ता कर पहले निर्धारित 10 प्राथमिकताओं में बताईं। इसके साथ एक वर्ष मिली उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा के बढ़ते साइबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए यूपी में सर्वाधिक 62 हजार पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग कराई गई है। अब पुलिस कर्मियों को एडवांस ट्रेनिंग कराई जाएगी। पुलिस मुख्यालय में जल्द साइबर सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय रूप से एडवांस सेंटर भी स्थापित कराया जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराध के नियंत्रण के लिए एआई की भी मदद लेगी। उन्होंने कहा कि सभी थानों में महिला शक्ति केंद्र स्थापित कर महिलाओं के प्रति अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है। महिला अपराधों में 33 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यातायात को और बेहतर करने के साथ ही दुर्घनाओं में कमी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। 573 क्रैश कंट्रोल टीमें बनाई गई थी, जिनकी



मेहनत से चिन्हित स्थानों व जिलों में दुर्घटना में 7.5 % और हादसों में मृत्यु की दर में 11.5% की कमी आई है। जल्द सभी थानों में क्रैश कंट्रोल टीमें गठित किए जाने की योजना है। कहा कि अपराधियों के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति के तहत और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। गाजीपुर में होटल कारोबारी के बेटे की हत्या के मामले में उन्होंने कहा कि यह गंभीर घटना है। आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कहीं पुलिसकर्मियों की लापरवाही होगी तो उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई होगी। आपको बता दें कि यूपी में चार वर्ष बाद पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा भेजे गए तीन नामों के पैनल में शामिल अब तक कार्यवाहक डीजीपी के रूप में काम कर रहे राजीव कृष्ण के नाम पर ही पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में तैनाती के लिए मुहर लगा दी। अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से राजीव कृष्ण को यूपी पुलिस का विभागाध्यक्ष नियुक्त किए जाने का आदेश जारी किया गया है। यूपीएससी ने मंगलवार को दिल्ली में हुई बैठक में यूपी में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति के लिए वरिष्ठता क्रम के आधार पर डीजी स्तर के अधिकारियों के नामों पर विचार किया था। यूपीएससी ने तीन नामों का पैनल राज्य सरकार को भेजा था। पैनल में वरिष्ठता क्रम में सबसे आगे 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा के अलावा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी पीयूष आनन्द और राजीव कृष्ण के नाम शामिल थे। डीजीपी के पद पर नियुक्ति के लिए राजीव कृष्ण का नाम चुना जाना ही तय माना जा रहा था।

## बीयर पीने वालों की बल्ले-बल्ले!! सिर्फ 50 रुपये में मिलेगी 200 वाली बोतल

( यंग भारत न्यूज )

गर्मियों में अक्सर बीयर की खपत बढ़ जाती है, जिसके चलते कई बार आपका फेवरेट ब्रांड बाजार में नहीं मिल पाता है. लेकिन अब आपको निराश होने की जरुरत नहीं है। अगर आप भी गर्मियों में ठंडी बीयर के शौकिन हैं, तो ये खबर आपके लिए खुशखबरी लेकर आई है।

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए नए व्यापार समझौते के बाद, अब ब्रिटिश बीयर और स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क में बड़ी छूट दी गई है। इसका मतलब ये है कि जो बीयर पहले 200 रुपये में मिलती थी, अब वो सिर्फ 50 रुपये में मिल सकती है। हाल ही में, 6 मई को भारत और ब्रिटेन के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) हुआ है। इस समझौते के तहत, भारत ने ब्रिटेन से आने वाली बीयर पर टैक्स को 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि अब ब्रिटिश बीयर ब्रांड्स सस्ती कीमतों पर मिल सकेंगी। जो बीयर पहले 200 रुपये में मिलती थी, अब वो सिर्फ 50 रुपये में मिल सकती है। इसके अलावा, भारत का बीयर मार्केट 2024 तक करीब 50,000 करोड़ रुपये तक



पहुंचने की उम्मीद है, और बदलती जीवनशैली और सोशल कल्चर की वजह से इसकी लोकप्रियता और बढ़ने की संभावना है।भारत में बीयर की सबसे ज्यादा खपत दक्षिणी राज्यों जैसे कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में होती है। इसके अलावा, गोवा अपने खुले शराब कानूनों और पर्यटकों की वजह से बीयर का एक बड़ा केंद्र है। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। उत्तर भारत में भी, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे शहरों में बीयर की खपत अच्छी होती है।

कौन-सी बीयर सबसे ज्यादा बिकती हैं?

Kingfisher
Budweiser
Heineken
Carlsberg
Bira 91

एफटीए समझौते के तहत सिर्फ बीयर ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की पर भी आयात शुल्क 150% से घटाकर 75% कर दिया गया है। हालांकि, ब्रिटेन की वाइन पर भारत ने कोई रियायत नहीं दी है, यानी वाइन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। इसका मतलब यह है कि भारत में ब्रिटिश बीयर अब सस्ते दामों पर मिल सकेगी, जिसका सीधा फायदा बीयर प्रेमियों को होगा। साथ ही, यह समझौता भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करेगा।

# ग्रामीण क्षेत्र मे बिजली न आने से लोग ग्रामीण बुरी तरह परेशान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम असूपुरा में बिजली आपूर्ति ठप पड़ी होने से ग्रामीण तमाम परेशानियो से जूझ रहे हैं, उन्होंने एसडीएम से पूरे मामले की शिकायत करते हुए बताया कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया है जिससे बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। गोशाला में भी बिजली आपूर्ति बंद है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही नया ट्रांसफार्मर रखवाए जाने की मांग की है।

26 मई की रात तहसील क्षेत्र में आए तेज आंधी–तूफान और बारिश ने पूरे इलाके में बिजली की सेहत बिगाड़ कर रख दी है जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि विभागीय कर्मचारी युद्धस्तर पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने में लगे हुए हैं लेकिन आंधी पानी से नुकसान इस कदर हुआ है कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी तमाम गांवों में बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशान ग्रामीण अब अधिकारियों की चौखट पर अपना दुखड़ा सुना रहे हैं।ग्राम असूपुरा निवासी दो दर्जन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी हेमंत कुमार पटेल को एक शिकायती पत्र दिया है जिसमें बताया गया कि गांव में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया है, गोशाला में भी बिजली आपूर्ति बंद है जिससे बेजुबानों के सामने पानी का संकट है।

ग्रामीणों ने शीघ्र ही नया ट्रांसफार्मर रखवाए जाने की मांग एसडीएम से की है। गौरतलब हो कि भयंकर आंधी और पानी से सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग को पहुंचा है। ट्रांसफार्मर, पोल ओर लाइनें क्षतिग्रस्त होने से गांव के गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। गर्मी में बगैर कूलर पंखों के और मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। पेयजल संकट भी गहरा गया है, बैटरी चार्ज न होने से मोबाइल शोपीस बन गए हैं। ट्यूबवेल न चलने से किसान खेतों में फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, साथ ही बिजली से चलने वाली सारी मशीनरी बंद पड़ी हुई है। अवर अभियंता टाउन अमन पांडे एवं अवर अभियंता ग्रामीण अमन खान का कहना है कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, पोल, केबल आदि की डिमांड बनाकर भेज दी गई है। जैसे ही जिला मुख्यालय से नया सामान मिलता जा रहा है, विभागीय कर्मचारी विद्युत आपूर्ति बहाल करने में तेजी से लगे हुए हैं। आधे गांवों की आपूर्ति बहाल भी कर दी गई है और शेष गांवों में आपूर्ति बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम लगा हुआ है।एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने उपभोक्ताओ से अपील की है कि धैर्य बनाए विधुत कर्मचारी लगे हुए है शीघ्र ही विधुत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# मंदिर जाने बाले आम रास्ते पर किया कब्जा

## ग्रामीणो ने लगाया आरोप,एसडीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर सनेता निवासी राजेन्द्र सिंह पटेल ने सोमवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर गांव के एक व्यक्ति पर आम रास्ते में अतिक्रमण करने और ग्रामीणों को धमकाने का आरोप लगाया है। शिकायत में तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की गई है।ग्रामीण राजेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि ग्राम रामपुर सनेता में शनिदेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर तक पहुंचने के लिए एक सार्वजनिक मार्ग है, जिसका उपयोग गांव के लोग और श्रद्धालु करते हैं।शिकायतकर्ता का आरोप है कि गांव के निवासी सूरज सिंह पुत्र धनीराम परिहार ने अपने मकान के सामने स्थित इसी आम रास्ते पर कब्जा कर रखा है। शिकायत के अनुसार, सूरज सिंह सार्वजनिक मार्ग पर अपने ट्रैक्टर, ट्रॉली खडे करते है तथा पशुओं को बांधते हैं, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो जाता है और लोगों के आवागमन में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और गांव के अन्य लोगों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब गांव के लोग उनसे रास्ते से वाहन और पशु हटाने के लिए कहते हैं, तो वे गाली–गलौज करने लगते हैं तथा झगडा करने पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं, शिकायत करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी देते हैं, जिससे ग्रामीण भय और दबाव में जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए सार्वजनिक मार्ग से अवैध रूप से खड़े किए गए वाहन और बंधे पशुओं को तत्काल हटवाया जाए। साथ ही संबंधित व्यक्ति को सख्त चेतावनी दी जाए कि भविष्य में वह आम रास्ते पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करे। पीड़ित राजेन्द्र सिंह पटेल ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर ग्रामीणों को राहत प्रदान करेगा तथा मंदिर जाने वाले मार्ग को सुचारु रूप से खुलवाएगा।

# भाकियू ने बीडीओ को सौपा सत्रह सूत्रीय मांग पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** विकास खंड कोंच कार्यालय में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक अशोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें किसानों से जुड़ी तमाम समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई।

बैठक में किसानों ने ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में तालाबों के जीर्णोद्धार और भराव कार्य के अधूरे रहने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि अधूरे कार्यों को जल्द पूरा किया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। किसानों ने विशेष रूप से चमारी और बसोब गांवों के तालाबों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। ग्राम पड़री में तालाबों, नालों और जल निकासी व्यवस्था की सफाई पर भी जोर दिया गया। किसानों ने बताया कि कई पात्र गरीब परिवारों को अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने ऐसे परिवारों का सर्वे कराकर आवास उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही वृद्धावस्था, विधवा और अन्य सामाजिक पेंशन योजनाओं से वंचित लोगों को पेंशन दिलाने की मांग भी उठाई। बैठक में टूटे विद्युत पोल बदलने, आवारा पशुओं को गोशालाओं में भेजने, नमामि गंगे योजना के अधूरे कार्य पूरे कराने, गांवों में चकरोड व नालियों का निर्माण तथा खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने जैसे मुद्दे भी उठाए गए। किसानों ने बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि और आंधी से गेहूं की फसल को हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन और धरना–प्रदर्शन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। बैठक में भाकियू तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, डॉ. पीडी निरंजन, सुभाष चंद्र पटेल, अनुरुद्ध पटेल, सौरभ पटेल, अशोक कुमार, सुनील कुमार, भवानीशंकर, विक्रम, महेंद्र कुशवाहा, वीरेंद्र, राजेश पटेल, कौशल पटेल, चित्तर सिंह, राजेश पटेल अटा, राजकुमार पटेल, रामशरण, कौशल कुशवाहा, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# नहरों में पानी चलने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के नहीं भरे गए तालाब

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** सिचाई व पशु पक्षियों के लिए नहर विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। नहरों में पानी चलने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के गांव में ताल तलैया नहीं भरे गए है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ताल तलैयों को भरे जाने की मांग की है।

गर्मी के मौसम में अग्निकांड की घटनाएं लगातार घट रही है। गुरुवार को आई आंधी व बारिश के बाद गर्मी से फिलहाल राहत हो गई है। गर्मी के मौसम अग्निकांड की घटनाओं में आग बुझाने के लिए तालाब का पानी सहायक बनता है। लोग इंजन रखकर पानी निकाल कर आग बुझाने का काम करते हैं। आग बुझाने में मददगार होने के साथ पशु पक्षियों को गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने के काम आ जाता है। लगभग एक सप्ताह से किसानों के साथ ही ताल तलैयों को भरने के लिए नहरों को चालू कर दिया गया है। लेकिन ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में तालाब तक पानी नहीं पहुंचा है। गर्मी के मौसम में पशु पक्षी तालाब आदि के पानी से ही अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन अब तक तालाबों में पानी न पहुंचने से लोग परेशान हैं। ग्रामीण राकेश कुमार, रामजी, श्यामजी ,अनिरुद्ध आदि ने बताया कि नहरें तो चालू हो गई हैं। लेकिन अभी तालाबों तक पानी नहीं पहुंचा है। ऐसे में गांव के तालाब पशु पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में वरदान साबित होते हैं। यदि तालाब पानी से भर जाते हैं, तो पशु पक्षियों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने डीएम से नहरों का पानी तालाबों तक पहुंचाने की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# जमीन विवाद में दो भाइयों की मौत के बाद बेसहारा परिवार की मदद को आगे आई पुलिस

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगण ( जालौन )।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुरा जागीर में जमीन विवाद के चलते हुई दर्दनाक घटना के बाद पुलिस ने मानवीय पहल दिखाते हुए पीड़ित परिवार की सहायता की।दिनांक 20 अप्रैल 2026 को गांव मिर्जापुरा जागीर में जमीन को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतकों के पिता एवं एक अन्य भाई को हत्या के आरोप में जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद परिवार की महिलाएं और छोटे–छोटे बच्चे पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं, जिनके सामने जीविकोपार्जन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने मय पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बच्चों और महिलाओं के लिए राहत सामग्री एवं राशन वितरित किया।

# उफनता सीवर बना मुसीबत, मुख्य मार्ग पर राहगीरों को परेशानी, निकलना दूभर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में स्टेट बैंक से जेडीसी बैंक बाजार मार्ग पर सीवर उफनने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर का यह मार्ग बाजार जाने वाले प्रमुख रास्तों में शामिल है, जहां दिनभर बड़ी संख्या में राहगीरों, व्यापारियों और वाहन चालकों का आवागमन बना रहता है। सीवर का गंदा पानी सड़क पर फैल जाने से आने–जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के दुकानदारों और ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा भी बना हुआ है। व्यापारियों का आरोप है कि नगरपालिका को कई बार इस समस्या की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।मजे की बात तो यह है कि नगर मुख्य मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर दिन में एक आत बार पालिका के जिम्मेदार लोगो का निकलना होता है लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नही दिया।लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सीवर की सफाई और मरम्मत नहीं कराई गई तो बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि राहगीरों और दुकानदारों को राहत मिल सके तथा मुख्य मार्ग पर यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## चार दिन हो जाने के बाबजूद विधुत विभाग नही कर पाया है एक दर्जन से अधिक ग्रामों की सप्लाई चालू

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** गुरूवार रात को आई आंधी के बाद क्षेत्र के 56 गांवों की बिजली गुल हो गई थी। चार दिन कार्य करने के बाद अभी लगभग एक दर्जन गांवों की बिजली गुल है। बिजली निगम की टीम कार्य में लगी हैं। मंगलवार तक सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है। गुरूवार की रात तेज आंधी और बारिश में नगर व ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 100 पोल टूट गए थे। पोल व तार टूटने के कारण नगर क्षेत्र समेत 56 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। शुक्रवार की शाम तक नगर में बिजली व्यवस्था बहाल हो गई थी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र अभी भी लगभग एक दर्जन गांवों में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है। ग्राम रूरा मल्लू, शहजादपुरा, दमां, अलाईपुरा, पहाड़पुरा आदि गांवों में अभी भी बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। हालांकि बिजली निगम के कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। उम्मीद है कि मंगलवार तक बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी। गर्मी में बिजली और पानी न आने से ग्रामीण के लोग बिजली और पानी के लिए परेशान होते नजर आए।

# घर बैठे होगी इण्टरनैशनल आर्टिकल की बुकिंग

## सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मिल रही डाक विभाग की सेवाएं

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** बदलते समय के साथ ही डाक विभाग भी अपनी सेवाओं को अपडेट कर रहा है। पहले जो इण्टरनेशनल पार्सल अथवा डाक (आर्टिकल) पोस्ट ऑफिस आकर बुक कराने पड़ते थे, अब विभागीय कर्मचारी उन्हें आपके घर से ही कलेक्ट करेगा और निर्धारित स्थान के लिए बुक करके भेजने का प्रबन्ध करेगा। यह जानकारी सहायक पोस्ट मास्टर संजीव अग्निहोत्री ने बताया कि प्रवर डाक अधीक्षक झांसी वरुण मिश्रा के अनुसार विभाग ने पहले प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही स्पीड पोस्ट डाक, पार्सल एवं इण्टरनेशनल आर्टिकल की बुकिंग की जाती थी। उन्होंने बताया कि अब यह सुविधा प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध है। इससे व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को काफी राहत मिली है। इसके अलावा डाकघर द्वारा विदेशों में डाक भेजने की सेवा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इण्टरनेशनल ट्रैक्ड पार्सल सर्विस, डाक विभाग द्वारा विदेशों में सामान भेजने के लिए सबसे सस्ती एवं विश्वसनीय सेवाओं में से एक है। इस सेवा के तहत कोई भी ग्राहक यदि अपने संबंधित व्यक्ति या व्यवसाय के लिए विदेश में डाक भेजने के बारे मेंतो वह विभाग के नामित प्रतिनिधि हेमन्त शुक्ला से उनके मोबाइल फोन नम्बर 9044613156 पर सम्पर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि इण्टरनेशनल आर्टिकल की बुकिंग के लिए ग्राहक की माँग पर उनके घर अथवा दुकान से आर्टिकल के कलेक्शन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। यदि कोई ग्राहक या व्यवसायी अधिक मात्रा में देश या विदेश में कहीं भी डाक एवं पार्सल भेजना चाहता है, तो उनको रजिस्टर्ड कस्टमर बनाया जाएगा और वह सीधे प्रधान डाकघर से सम्पर्क कर पोस्टमैन के माध्यम से डाक एवं पार्सल कलेक्शन एवं बुकिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

# बुढ़ापे में कर रहा था लड़कीबाज़ी पुलिस ने छेड़छाड़ का दर्ज कर लिया मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई** ।लगभग एक पखवारे पूर्व गांव में स्थित नल पर पानी भरने गई बहनों में से गांव के ही अधेड़ व्यक्ति ने एक बहिन को रुपये देकर टॉफी लेने भेज दिया। जबकि दूसरी बहिन को अपने साथ घर ले जाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। गांव के लोगों के देख लेने पर धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की मां ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बीती 17 मई को उनकी दोनों बेटियां गांव में स्थित नल पर पानी भरने गई थीं। पानी भरते समय वहां गांव का ही बलवीर आ गया और उनसे बात करने लगा। इसी दौरान उसने बड़ी बेटी को कुछ रुपये देकर उसे टॉफी लेने के लिए भेज दिया और सात वर्षीय छोटी बेटी को वह पास में स्थित एक कमरे में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो उसे डराया और धमकाया भी। तभी वहां गांव के कुछ लोग पहुंच गए तो वह धमकी देकर वहां से भाग गया। बेटी ने कुछ दिन तो डर की वजह से उसे घटना के बारे में नहीं बताया। जब वह कुछ सामान्य हुई तो घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह कोतवाली पहुंची है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही उसे पकड़कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# ज्ञापन देने पहुँचे लेखपालों का आरोप एसडीएम ने चैंबर बंद कराया

## -तहसीलदार को ज्ञापन देने की खबर भिजवाई

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन–उरई।** क्षेत्र में कार्य करने के दौरान आने वाली समस्यओं को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वावधान में तहसील क्षेत्र के लेखपाल सोमवार को एसडीएम के पास ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेखपालों का आरोप है कि लेखपालों के पहुंचने पर एसडीएम ने चैंबर बंद करवा लिया। साथ ही नायब तहसीलदार को भेजकर तहसीलदार को ज्ञापन देने की खबर भिजवाई।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि लेखपालों को क्षेत्र में कार्य करने के दौरान कई प्रकार की कठिनाइयां आ रही हैं। जिनमें प्रशासन आपके द्वार पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने के दौरान कठिनाइयां आती हैं। जिसके लिए मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी के आदेश की व्यवस्था कराने की मांग की जा गई थी, ताकि कार्य करने में आसानी हो। लेखपालों को दो या दो से अधिक हल्कों का चार्ज है। क्षेत्र अधिक होने के चनते शिकायतों के निस्तारण के लिए कम से कम 15 दिन का समय देने की मांग की गई। लेखपालों द्वारा ग्रामीणों से संवाद के दौरान कई बार ग्रामीण अभद्रता करने लगते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और लेखपाल वर्ग के पांच लेखपालों को राजस्व निरीक्षक का कार्य लिया जा रहा है। उन्हें राजस्व निरीक्षक के कार्य से मुक्त कर लेखपाल वर्ग में ही कार्य करने देने की मांग के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जा रहा था। आरोप लगाया कि जब लेखपाल एसडीएम के पास पहुंचे और उनसे मिलने का समय मांगा तो उन्होंने चेंबर बंद करा लिया और नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता को भेजकर खबर भिजवाई कि ज्ञापन तहसीलदार को दें। इस बाबत वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व तहसीलदार को ज्ञापन दिया था। लेकिन उस पर कोई सुनवाई न होने पर वह एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन एसडीएम के न मिलने पर मंगलवार को डीएम के पास पहुंचकर ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर पुष्पेंद्र निरंजन, पूजा राजपूत, स्वाति राय, तेज प्रकाश, सिंकी भास्कर, रोहित, मयंक, भूपेंद्र, प्रिया अवस्थी, सुधा अग्रवाल, इंद्रपाल, रंजना, महेंद्र, लक्ष्मी वर्मा, विक्रांत, इंद्रजीत, रामनरेश गुप्ता, पूरन सिंह आदि रहे। इस बाबत एसडीएम रिंकू सिंह राही ने बताया कि ज्ञापन लेने की एक निर्धारित प्रक्रिया है। लेखपालों के प्रमुख अधिकारी तहसीलदार हैं, इसलिए उन्हें तहसीलदार को ज्ञापन देने के लिए कहा गया है।

# शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए अपने बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लिया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई** ।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही द्वारा गांव–गांव और मोहल्लों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की जा रही है। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा धन बताते हुए अपने बच्चों को हर हाल में पढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि आधी रोटी खाएंगे, लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित करके रहेंगे। बैठक में मौलाना खालिद रहमानी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल सकती है। अशिक्षा के कारण समाज को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जबकि शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में योगदान देता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने लोगों को शिक्षित करने की जो मुहिम शुरू की है, वह बेहद सराहनीय है। शिक्षा किसी एक वर्ग, समुदाय या परिवार की जरूरत नहीं, बल्कि पूरे समाज की बुनियादी आवश्यकता है। माता–पिता का पहला कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के बिना तरक्की की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी कारण से बच्चों की पढ़ाई न रुकने दें। आर्थिक कठिनाइयां आएं तो उनका सामना किया जा सकता है, लेकिन बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा ही समाज को नई दिशा और नई पहचान दे सकते हैं।

# मेधा का सम्मान, सपनों को नई उड़ान, मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के जनपद के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपए राशि से सम्मान और प्रोत्साहन

### -विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी द्वारा आज लोक भवन सभागार, लखनऊ से आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रदेश स्तर पर कुल 1,682 मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

इस अवसर का सजीव प्रसारण जनपद जालौन में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन, मयंक त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद जालौन के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक मेधावी छात्र-छात्रा को 21,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, जिससे उनकी प्रतिभा को नई पहचान और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। हाईस्कूल परीक्षा में श्री बजरंग इंटर कॉलेज उरई के छात्र आदर्श दुबे ने 600 में 569 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में ए0एम0वी0 इंटर कॉलेज जालौन के छात्र तनु खरे ने 500 में 459 अंक प्राप्त कर जनपद में शीर्ष स्थान हासिल किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज सम्मानित हो रहे छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जनपद का गौरव हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान यह संदेश देता है कि प्रतिभा और परिश्रम का सदैव सम्मान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा देता है। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके जीवन की नई शुरुआत है और उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखना चाहिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिभा को सम्मान और अवसर दोनों प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों के परिश्रम, अभिभावकों के त्याग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# किसानो की समस्या से युक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर निस्तारण किए जाने की लगाई गुहार



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 1 जून।** भारतीय किसान संगठन सदस्यों ने किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को संबोधित 8 सूत्री ज्ञापन तहसीलदार अभिनव तिवारी को सौंप कर निस्तारण किए जाने की मांग उठाई। सोमवार के दिन भारतीय किसान संगठन तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने अपने संगठन के सदस्यों की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अभिनव तिवारी को सौंप कर अवगत कराया कि खरीफ की बुवाई का समय आ गया है सहकारी समितियां में डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए तथा मटरा बीजापुर सरसेला आदि बम्बो की खुदाई कराकर नहरे से पानी भरा जाए जिससे खरीफ की फसल की सिंचाई हो सके मंडी कालपी में खरीद गेहूं केंद्र पर किसानो से खरीदा गया गेहूं डंप पड़ा है शीघ्र बाहन भेज कर गेहूं को उठाया जाए गेहूं खरीद के साथ मसूर लाही की खरीद की जाए आई हुई आंधी से कई सरकारी नलकूप विद्युत तकनीकी से खराब पड़े हुए हैं उनको ठीक कर चालू किया जाए उन्होंने बताया की तहसील कालपी एवं नगर में कहीं रोडबेज बस स्टॉप नहीं है जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बस स्टॉप खोले जाने की मांग की आदि समस्याओं को तत्काल निस्तारण किया जाए ज्ञापन देने के पूर्व मंडी समिति कालपी में संगठन के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में किसानों से संबंधित मुद्दों पर विचार कर समस्याओं को हर हाल में निस्तारण के लिए पहल की ज्ञापन देने वालों में सत्येंद्र सिंह भदोरिया चंद्रपाल सिंह जयराम कुशवाहा सुरेश सिंह राजा सिंह पुष्पेंद्र प्रसाद विश्वनाथ सुरेंद्र पाल सिंह सुनील आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# वर्चुअल जनसुनवाई में एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## समयबद्ध निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक जालौन ने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल बैठक कर थानों तथा पुलिस कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों में आए फरियादियों की समस्याओं की जानकारी ली और उनके निस्तारण की प्रगति पर चर्चा की।पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।बैठक में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखी जाए।उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत बनाने के लिए शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से नियमित रूप से जनसुनवाई की समीक्षा की जा रही है, ताकि आमजन को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# जगम्मनपुर प्रधान द्वारा आवासीय पट्टा आवंटन के नाम पर घूस व धोखाधड़ी के मामले को लेकर पीड़ितों ने की जिलाधिकारी से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत जगम्मनपुर में आवासीय पट्टा आवंटन के नाम पर कथित रूप से घूस लेने और धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित रामस्वरूप, गोपाल, बंटे, संध्या देवी आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पीड़ितों का आरोप है कि ग्राम पंचायत स्तर पर कुछ लोगों से आवासीय पट्टा दिलाने का झांसा देकर धनराशि ली गई, लेकिन न तो उन्हें पट्टा मिला और न ही उनकी रकम वापस की गई। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे उनमें भारी रोष व्याप्त है।

शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# आंधी-तूफान में जान गंवाने वाली महिला के परिजनों को मिली चार लाख की सहायता



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** बीते गुरुवार को आए तेज आंधी-तूफान के दौरान हुई महिला की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। दैवीय आपदा के तहत मृतका के परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के उमराखेड़ा गांव निवासी सुखदेई पत्नी बाबूलाल की तेज आंधी-तूफान के दौरान छत से गिरकर मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मामले की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने इसे दैवीय आपदा मानते हुए राहत सहायता की प्रक्रिया शुरू की। सोमवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज तथा उरई एसडीएम ज्योति सिंह पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और शासन की ओर से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का प्रमाण पत्र सौंपा। अधिकारियों ने बताया कि दैवीय आपदाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में मृतका के परिवार को यह राहत राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि कठिन समय में परिवार को कुछ सहारा मिल सके। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर सहायता राशि उपलब्ध कराने की सराहना की तथा लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की।

# बिजली संकट से नाराज शहरवासियों ने किया रोड जाम, यातायात रहा ठप

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों में आक्रोश, अधिकारियों के आश्वासन के बाद खुला जाम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** शहर में लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज लोगों ने चुर्खी रोड स्थित दूध डेयरी के पास रंजना सिटी के निकट रोड जाम कर दिया। जाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। बताया गया कि बिजली न आने से परेशान शहरवासियों ने सड़क पर कटे हुए पेड़ एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। अचानक लगे जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन एवं बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और जाम समाप्त कर दिया गया। जाम खुलने के बाद यातायात पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया। शहरवासियों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 06 परिवारों के समझौते कराकर बिखरने से बचाया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी ।

# पूरे जिले में विकास कार्यों में हो रहा भारी भ्रष्टाचार

( यंग भारत न्यूज )



- खैरी ग्राम पंचायत में फर्जी सीसी भुगतान का आरोप, जांच की मांग
- ग्रामीण ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

**उरई ( जालौन )।** क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत खैरी में कथित फर्जी सीसी भुगतान का मामला सामने आया है। ग्राम कैथी निवासी प्रदीप कुमार, दीपेश कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

प्रदीप कुमार का आरोप है कि ग्राम पंचायत खैरी में विकास कार्यों के नाम पर सीसी (सीमेंट कंक्रीट) निर्माण कार्य के भुगतान में अनियमितताएं बरती गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्य पूर्ण हुए अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत भुगतान किए गए हैं, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। शिकायती पत्र में उन्होंने संबंधित अभिलेखों एवं भुगतान विवरण की जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीण का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होने पर वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। जिलाधिकारी से शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# एसपी विनय कुमार सिंह ने किया विभाग में भारी फेरबदल

( यंग भारत न्यूज )



- इंस्पेक्टर शिव प्रकाश बने रामपुरा के प्रभारी निरीक्षक
- रामपुरा के थानाध्यक्ष पहुंच गए पुलिस लाइन
- अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली उरई गए पुलिस लाइन

**उरई ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने जनपद की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भारी फेरबदल किया हैं। जिसके तहत थाना रामपुरा सहित विभिन्न इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जिन लोगों को इधर-उधर किया गया है उनमें प्रभारी निरीक्षक शिवप्रकाश सिंह को आरटीसी से स्थानांतरित कर थाना रामपुरा का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। जबकि प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह को थाना रामपुरा से हटाकर पुलिस लाइन उरई भेजा गया है।अतिरिक्त निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार को कोतवाली उरई से स्थानांतरित कर पुलिस लाइन उरई संबद्ध किया गया है। थाना आटा में तैनात आरक्षी विपिन कुमार को कोतवाली माधौगढ़ भेजा गया है।

# एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के छात्र उत्सव पटेल ने आईआईटी जेईई एडवांस में 2770 रैंक हासिल कर रचा कीर्तिमान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** बृजकुँवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल अपनी शैक्षणिक प्रतिष्ठा से निरंतर सफलता की नई कहानी गढ़ रहा है। विगत 11 वर्षों से यह विद्यालय सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं कक्षाओं में सर्वोच्चता हासिल करता आ रहा है। खास बात यह है कि हर साल यहां के छात्र-छात्राएं आईआईटी जेईई या नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होते हैं, और वह भी विद्यालय में नियमित उपस्थित रहकर।इसी क्रम में इस वर्ष सीबीएसई बारहवीं में विज्ञान वर्ग में सर्वोच्चता प्राप्त करने वाले छात्र उत्सव पटेल ने आईआईटी जेईई एडवांस में 2770 रैंक प्राप्त कर आईआईटी में प्रवेश सुनिश्चित किया। उत्सव ने अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर इं. अजय इटौरिया, चेयरमैन श्रीमती सुविधा इटौरिया, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखण्डे तथा समस्त शिक्षकों ने सम्मानित कर हर्ष व्यक्त किया।डायरेक्टर इं. अजय इटौरिया ने छात्र की लगन और परिश्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी का परिणाम है कि उत्सव ने बाहर गए बिना, विद्यालय में नियमित कक्षाएं लेकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास की।प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखण्डे ने कहा कि डायरेक्टर सर का मार्गदर्शन सदैव फलदायी रहा है। शिक्षक पूरी तन्मयता से दायित्व निभाते हैं, लेकिन डायरेक्टर द्वारा समय-समय पर दी गई सीखें विद्यालय में प्रतिस्पर्धी वातावरण बनाती हैं।छात्र उत्सव पटेल ने भावुक होकर डायरेक्टर, चेयरमैन, प्रधानाचार्या और शिक्षकों की प्रेरणा के लिए धन्यवाद दिया। उसने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतरीन वातावरण है। यदि छात्र लक्ष्य के प्रति एकाग्र हो तो यहीं पढ़कर सफलता हासिल की जा सकती है।प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय चेयरमैन सुविधा इटौरिया, प्रधानाचार्य सीमा श्रीखण्डे एवं शिक्षक पुरुषोत्तम पुरवार, देवेश पाठक, डॉ. अनुज भदौरिया, गोविन्द सिंह और महेश कुशवाहा की मेहनत को दिया।फोटो



# गहोई सेवा मंडल का चुनाव आज, 5 पदाधिकारी और 26 सदस्यों के लिए होगा मतदान




( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** गहोई सेवा मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव मंगलवार 2 जून को गहोई धर्मशाला गोपालगंज में कराए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी इं. अजय इटौरिया ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रातः 7:30 बजे शुरू होकर दोपहर 3:30 बजे तक चलेगा। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे समय पर पहुंचकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सहमंत्री और 26 सदस्यों सहित कुल 31 पदाधिकारियों के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान के बाद मतगणना शाम 5:30 बजे से शुरू होकर रात 12 बजे तक पूरी होने की संभावना है। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। चुनाव अधिकारी अनिल बहुगुणा ने बताया कि गहोई सेवा मंडल की कार्यकारिणी 3 वर्ष के लिए चुनी जाती है, जो समाज उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं और बाहर डिस्प्ले पर लाइव प्रसारण होगा। पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनुरोध किया गया है।चुनाव अधिकारी जीवन राम गुप्ता ने बताया कि मतदान के लिए 5 मतदान केंद्र और प्रत्येक केंद्र पर 4-4 बूथ, कुल 20 बूथ बनाए गए हैं। असहाय और बुजुर्गों के लिए एक विशेष बूथ की व्यवस्था भी है।

चुनाव अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता ने मतदाताओं से अपील की कि वे पहचान के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी या पैन कार्ड अवश्य लाएं। मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी, इसलिए मोबाइल घर पर ही रखें।महावीर शरण सरावगी ने बताया कि गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए कूलर-पंखे की व्यवस्था की गई है। राधा रमण दरबार मंदिर से प्रसाद वितरण और भंडारा निरंतर चलेगा। चुनाव समिति में मुख्य चुनाव अधिकारी इं. अजय इटौरिया सहित सात सदस्य शामिल हैं। पहली बार इतने बड़े स्तर पर हो रहे चुनाव को लेकर शहर में चर्चा है। समिति ने कहा कि प्रत्याशियों और मतदाताओं का पूरा भरोसा है, और समाज में एकजुटता का माहौल दिखाई दे रहा है।

# माधौगण से सिहारी अमखेड़ा मार्ग हुआ गड्ढों में तबदील बरसात में आम आदमी का निकलना हुआ मुश्किल

## खबर प्रकाशित होने के बावजूद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगण जालौन।** माधौगण सिहारी बस स्टैंड से सिहारी होते हुए आमखेड़ा तक जाने वाला मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील, गुड्डू सिंह सिहारी, लल्ला बाबू सिहारी, मुन्ना तिवारी,भगवती सिंह माधौगण,राजू सिंह,गुड्डू सिंह,ललित,लच्छाराम फौजी आदि लोगों ने बताया सिहारी जाने वाला मार्ग 3 मार्च पूर्व डाला गया था जिसमें ठेकेदारों के द्वारा केवल खाना पूर्ति की गई थी जिसे 3 माह भी पूरे नहीं हुए हैं और रोड गढ़ों में तब्दील हो गया है उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा लगातार उत्तर प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया था लेकर उनके ही चहेतो ठेकेदारों के द्वारा केवल खाना पूर्ति की जाती है यह समस्या पूरे उत्तर प्रदेश में बनी हुई है लेकिन ठेकेदारों के खिलाफ कभी कार्रवाई नहीं की जाती जबकि ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जाती है लेकिन अधिकारियों का ठेकेदारों के ऊपर आशीर्वाद बना हुआ है और वह सड़क डलवाने के नाम पर केवल खाना पूर्ति करते हैं।



# रामपुरा के भैरव मंदिर पर प्रत्येक रविवार को होता है विशाल भंडारा

## -श्रद्धालुओं की होती है भारी भीड़ भैरव मंदिर बना आस्था का केंद्र

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगण जालौन,** विकासखंड रामपुरा के भैरव बाबा के मंदिर पर प्रत्येक रविवार को किया जाता है विशाल भंडारा श्रद्धालु की होती है भारी भीड़, प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर के भैरव मंदिर पर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रत्येक रविवार को विशाल भंडारा किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भैरव बाबा के स्थान पर आकर भंडारे की प्रशादी ग्रहण करते हैं भैरव बाबा की मंदिर पर प्रत्येक रविवार को भैरव बाबा के मंदिर पर पहुंचकर भक्ति भंडारे में अपना तन मन धन से सहयोग करते हैं सहयोगी भक्त मुन्ना पुरवार, मोनू शर्मा पत्रकार, बाबा अघोरी, चिरसोलिया महाराज, प्रहलाद,मजबूत सिंह, भीकम सिंह,बाबा साई,भगवती शरण दूरबार,सोनू शर्मा आदि भक्तों के द्वारा भैरव बाबा के मंदिर पर दान दिया जाता है जिससे विशाल भंडारा किया जाता है भैरव बाबा के मंदिर पर उपस्थित भक्तों ने बताया कि जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से बाबा के दरबार में आता है तो बाबा उसकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं और जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है वह भक्त रविवार के दिन भैरव बाबा के स्थान पर भंडारा करते हैं भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर भंडारा ग्रहण करते हैं भैरव बाबा का स्थान क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना हुआ है




# चितौरा रोड पर जलजमाव बना मुसीबत, नाली न होने से परेशान वार्ड-10 के लोग

## नगर पंचायत से कई बार शिकायत, समाधान अब तक अधूरा

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** बरसात के मौसम में जहां हर ओर हरियाली की उम्मीद होती है, वहीं माधौगढ़ के वार्ड नंबर 10 चितौरा रोड क्षेत्र में बारिश आफत बनकर बरस रही है। क्षेत्र में नाली निर्माण न होने के कारण जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे आए दिन मोहल्लावासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश के दौरान सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और कीचड़ के कारण राहगीरों का निकलना मुश्किल हो जाता है। स्कूली बच्चों को तो रोजाना घर से निकलना किसी जंग से कम नहीं लगता। मोहल्ले की महिलाएं, बुजुर्ग और बीमार लोगों को घर से बाहर निकलना तक भारी पड़ता है। वार्डवासी कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष से इस समस्या के स्थायी समाधान की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। लोगों ने बताया कि जलभराव के चलते जहरीले सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे मोहल्ले के बच्चे तक दहशत में हैं। वहीं, लगातार हो रहे जलभराव से कुछ कच्चे घरों के गिरने की संभावना बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत से जल्द से जल्द स्थायी नाली निर्माण की मांग की है ताकि उन्हें इस मौसमी आपदा से राहत मिल सके।

# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून ग्राम पंचायत रवा में शाम 6 से 9 बजे तक जनचौपाल और जनसुनवाई का आयोजन होगा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी/उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/क्षेत्राधिकारी कोच/प्रभारी निरीक्षक कोंच,नदीगांव/जिला पंचायत राज अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी नंदीगांव/जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला प्रोवेशन अधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/जिला दिव्यांगजन अधिकारी/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/अधिशासी अभियंता,विद्युत वितरण खंड प्रथम/जल निगम ग्रामीण/नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय/डाल नहर/अधिशासी अभियंता,प्रांतीय खंड लो0नि0वि0/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला पूर्ति अधिकारी/उप निदेशक कृषि/जिला कृषि अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक,सहकारिता से बताया कि दिनांक 05.06.2026(शुक्रवार) को सायंकाल 06.00 बजे से 09.00 बजे तक ग्राम पंचायत रवा ( भेंड़) विकास खण्ड नंदीगांव के वी0पी0एन0 पब्लिक स्कूल के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन चौपाल आयोजित कर जनसुनवाई की जाएगी तथा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी नदीगाँव ग्राम पंचायत रवा में जन चौपाल आयोजित किए जाने हेतु समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराएँगें। जन चौपाल के दौरान उक्त अधिकारियों के अतिरिक्त ग्राम स्तरीय समस्त कर्मचारी अभिलेखों सहित उपस्थित रहेगें।

# मारपीट पर मा बेटी सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** सोमवार के दिन बहु नंद की मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता की तहरीर पर कालपी पुलिस ने सास एवं दो पुत्री सहित तीन हमलावरों खिलाफ जुर्म धारा 115(2) 351(2) के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक शैलेश कुमार को जांच सौंपी।

मिर्जा मंडी निवासिनी साबरीन पत्नी शहंशाह ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि सोमवार को सुबह घर के दरवाजे पर रिजवाना रानी बेरीश हजगरी समेत तीनों लोगों ने लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह मुझे तथा मेरी नंद रुखसार को बुरी तरह घायल किया घटना में शोरगुल सुनकर के पड़ोसी लोग आए उन्होंने हमलावरों को ललकारा तभी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़े हुए।

# मुख्यमंत्री योगी का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर हो गई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी फोटो पर गोबर लगाकर आपत्तिजनक से फोटो वायरल करने की घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर कालपी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर घटना में प्रभारी निरीक्षक ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थाना आटा ग्राम संधी निवासी गौरव पटेल कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि अज्ञात युवकों के द्वारा प्रदेश मुख्यमंत्री की फोटो पर गोबर के धब्बे बनाकर आपत्तिजनक टिप्पणी करना तथा फोटो वायरल की गई है जिससे आम जनमानस में आक्रोश है ऐसे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति का नाम शीघ्र खुलासा कर दर्ज मुकदमे में शीघ्र जेल भेजने हेतु न्याय की गुहार लगाई।



# अच्छे संस्कार नैतिक शिक्षा धार्मिक मूल्यों से जोड़ती है श्रीमद्भागवत कथा - भगवताचार्य

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )।** पंचमुखी दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर रामपुरा के परिसर में शिवपाल सिंह सेंगर द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन रुक्मिणी विवाह एवं गोवर्धन पूजा का मनोहारी प्रसंग सुनाकर कथा व्यास पंडित प्रीतम दास शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर भाव-विभोर हो उठे।



कथा व्यास पंडित प्रीतम दास शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह प्रेम, समर्पण एवं धर्म की विजय का प्रतीक है। वहीं गोवर्धन पूजा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा एवं लोककल्याण का संदेश दिया। कथा के दौरान भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे श्रद्धालु देर तक मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार, नैतिक शिक्षा और धार्मिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है। संस्कारवान पीढ़ी ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को धर्म, संस्कृति और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। आयोजन के संबंध में सभासद प्रतिनिधि अजय राजावत ने बताया कि कथा का आयोजन शिवपाल सिंह सेंगर के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। कथा के अंतिम दिन सोमवार को विशाल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें पांच कुंडी यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य अजीत सिंह जादौन, गजेंद्र सिंह राठौर, अखिलेश सिंह सेंगर, नैतिक ठाकुर, श्याम सिंह राजावत, देवा ठाकुर, कार्तिकेय, डी.के. सर, बलवीर यादव, संदीप राठौर, कुंवर सिंह तोमर, हाकिम सिंह राजपूत,कमल सिंह राजावत, आलोक, भूपेंद्र राजावत, रामू गुर्जर, ब्रजेश राजावत, रिषभ परिहार, अंश सिंह राठौर, शिवम राजावत एवं अंकित राजावत सहित समस्त कमेटी सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में जय श्रीकृष्ण एवं हनुमानजी महाराज के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# किशोर को सांप डसा हो गया बेहोश

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** बीती रात 16 वर्षीय सनी पुत्र कृष्णकांत निवासी आलमपुर रविवार की रात घर से निकले हुए जहरीले सर्प ने किशोर को काट लिया जिससे वह बेहोश हो गया घर पर मौजूद लोग किशोर को बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक चक्र ने किशोर मरीज की जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पाए जाने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# विषाक्त पदार्थ खाकर महिला अचेत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** 32 वर्षीय शीला देवी पत्नी वासुदेव निवासी उसरगांव ने परिवार कलह से आक्रोशित होकर रविवार की रात अचानक घर पर रखा हुआ जहरीला पदार्थ का सेवन कर हालत बिगड़ी घर पर मौजूद परिजनों ने आनंन-फानन महिला को बेहोशी हालत में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक चक्र ने महिला मरीज की जांच की जांच दौरान स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया।

# नवजात बच्चे को पुलिस ने बरामद कर के पोस्टमार्टम हेतु भेज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** यमुना पुराने पुल के नीचे सोमवार को सुबह नवजात मात्र एक दिन जन्मे बच्चे का शव पड़ा था मौजूद लोगों के देखने पर हड़कंप मच गया उक्त मृतक शिशु का कुत्तों द्वारा एक पैर को नोचना बताया गया जिसकी सूचना राहगीरों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई वहीं सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने घटना को संज्ञान में लेकर तत्काल महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल को नव शिशु जात मृतक शवको कार्यवाही करने के निर्देश दिए प्रभारी निरीक्षक का फरमान मिलते ही महमूदपुरा चौकी प्रभारी चंदेल पुलिस बल के साथ घटना स्थल में पहुंचकर मृतक अवस्था में पड़े नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर राहगीरों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पुलिस अभिरक्षा में शव को उरई मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

# वाराणसी में बंद मकान में छात्रा संग 20 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म, मां बोली- पुलिस समझौते का बना रही है दबाव'

( यंग भारत न्यूज )

**वाराणसी।** करीब 20 दिनों से लापता 14 वर्षीय दलित छात्रा के एक बंद मकान से बरामद होने के बाद सामने आई कहानी ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। छात्रा ने तीन युवकों पर अपहरण कर बंधक बनाने और कई दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।



मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है, लेकिन पीड़िता की मां ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सोमवार को उस समय मामले का खुलासा हुआ जब परिजनों को सूचना मिली कि जिन युवकों पर पहले से संदेह जताया जा रहा था, उनमें से एक के गांव स्थित बंद पड़े मकान में छात्रा को रखा गया है। सूचना के बाद पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। मकान खुलवाया गया तो वहां से छात्रा बरामद हो गई। बरामदगी के साथ ही पूरे घटनाक्रम की परतें खुलनी शुरू हो गईं। पीड़िता की मां के अनुसार, उसकी बेटी 11 मई को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पति की मृत्यु के बाद अकेले परिवार का जिम्मा संभाल रही मां ने बेटी की तलाश में रिश्तेदारी से लेकर संभावित सभी स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस दौरान उसने कुछ युवकों पर संदेह जताते हुए उनके नाम पुलिस को भी बताए थे। मां का आरोप है कि शुरुआती दिनों में पुलिस ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। चौकी और थाने के चक्कर लगाने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। कई दिन बीत जाने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो छात्रा को इतनी लंबी यातना नहीं सहनी पड़ती। बरामद छात्रा ने आरोप लगाया कि अपहरण के बाद आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलते रहे। उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता रहा ताकि पुलिस और परिजनों की नजर से बचा जा सके। इस दौरान उसे बंधक बनाकर रखा गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इस मामले में उस समय नया विवाद खड़ा हो गया जब छात्रा और उसकी मां ने पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। छात्रा का कहना है कि थाने में उससे एक वीडियो बनवाया गया, जिसमें उससे कहलवाया गया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था। छात्रा का दावा है कि उसने यह बयान दबाव में दिया था और वास्तविक घटना इससे बिल्कुल अलग है। मां ने आरोप लगाया कि बरामदगी के बाद भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के बजाय समझौते का दबाव बना रही है। इस आरोप के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। उधर, चौबेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सोनकर ने बताया कि छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस पर लगाए गए आरोपों की जानकारी होने से उन्होंने इंकार किया। उनका कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने न केवल पीड़िता के परिवार को बल्कि पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली और समाज में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर सवाल उठाता है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और पीड़िता को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया, अभिभावकों को दी प्रेरणा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आए बदलावों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित किया।



मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं, जहां जिला स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ में आयोजित समारोह में 200 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें से कई को उन्होंने स्वयं सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में सम्मानित किए गए 223 विद्यार्थियों में 85 छात्र और 138 छात्राएं शामिल हैं। इसी प्रकार, हाईस्कूल की मेरिट सूची में 115 विद्यार्थियों में 34 छात्र और 81 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट की टॉप सूची में भी 9 छात्र और 14 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े दर्शाते हैं कि छात्राएं अधिक मेहनत कर रही हैं और बेहतर अंक प्राप्त करने की क्षमता रखती हैं। मुख्यमंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि पहले माना जाता था कि छात्राएं घर के कामों में अपनी माताओं का हाथ बंटाती हैं, लेकिन अब समय बदल गया है। उन्होंने कहा कि छात्र घरों में झाड़ू-पोछा अधिक करने लगे हैं या माता-पिता उनसे ज्यादा काम ले रहे हैं, शायद इसी कारण छात्रों के अंक कम आए हैं और छात्राओं ने मेरिट सूची में बेहतर स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है और छात्रों के लिए प्रेरणा का विषय भी है। जब छात्राएं परिवार की जिम्मेदारियों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं, तो छात्रों को भी उनका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ेगी, तो आगे बढ़ेगी और देश तथा समाज को भी आगे बढ़ाएगी। यह संदेश इस परीक्षा परिणाम के माध्यम से स्पष्ट रूप से सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौ वर्ष पहले प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति अलग थी। परीक्षा में नकल होना आम बात मानी जाती थी। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी थी और अभिभावकों तथा विद्यार्थियों में भी पढ़ाई के प्रति गंभीरता का अभाव था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में ऐसे मामले सामने आते थे, जहां दूसरे राज्यों के छात्र उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में परीक्षा देने पहुंचते थे और वास्तविक परीक्षार्थी की जगह कोई और परीक्षा देता था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब परीक्षा वही छात्र देता है जिसका नाम पंजीकृत है। विद्यालयों में शिक्षक मौजूद हैं और वही पढ़ा रहे हैं। यदि कोई शिक्षक शासन से मानदेय प्राप्त कर रहा है तो उसी को शिक्षण कार्य करना होगा, उसके स्थान पर कोई प्रॉक्सी शिक्षक नहीं पढ़ाएगा। सरकार ने ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को परेशान करना नहीं होना चाहिए। परीक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास का निर्माण करे और उन्हें सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य करे. उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र विद्यार्थियों का पसीना निकालने या उन्हें भयभीत करने के लिए नहीं बनाए जाने चाहिए। एक अच्छा परीक्षक वह नहीं है, जो अत्यंत जटिल प्रश्न पूछकर छात्रों को परेशान करे। कई बार ऐसे प्रश्न बनाने वाले स्वयं भी उनके उत्तर से पूरी तरह परिचित नहीं होते। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं बल्कि जीवन की चुनौतियों से मुकाबला करने की क्षमता विकसित करना है. उन्होंने संस्कृत वाक्य 'सा विद्या या विमुक्तये' का उल्लेख करते हुए कहा कि वही विद्या श्रेष्ठ है जो जीवन में हर प्रकार की मुक्ति और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने कभी पलायनवाद का समर्थन नहीं किया। भगवान राम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राम को आदर्श पुरुष बनाने में गुरु वशिष्ठ, गुरु विश्वामित्र और महर्षि वाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इसी प्रकार महर्षि अगस्त्य ने उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता को मज़बूत करने में योगदान दिया. मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु संदीपनि के मार्गदर्शन ने कृष्ण को केवल मुरलीधर से धर्म स्थापना के लिए सुदर्शन धारण करने वाला योद्धा बनाया। समय और परिस्थितियों के अनुसार भूमिका बदलती है, लेकिन सही मार्गदर्शन ही व्यक्ति को अपने उद्देश्य तक पहुंचाता है. उन्होंने कहा कि युग भले बदल जाएं, लेकिन गुरु, शिक्षा और संस्कारों का महत्व कभी कम नहीं होता। यही तत्व व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला हैं.

# जिस हिंदू लड़की ने ठुकराया 'प्रपोजल', रोज अली ने दोस्तों संग मिल उसके भाई को पीट-पीटकर मार डाला: पीड़िता की हालत भी गंभीर, असम पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया

( यंग भारत न्यूज )

असम में लव जिहाद की कोशिश में लड़की के भाई की हत्या करने वाले रोज अली को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। दूसरे आरोपितों की तलाश जारी है। असम में मधुर्ज्य बर्मन के हत्यारे रोज अली को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है।



दरअसल नलबाड़ी जिले में रविवार (31 मई 2026) को 18 साल का मधुर्ज्य बर्मन अपनी बहन मृदमुद्रा डेका के साथ स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में गंगापुर पुल के पास कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों ने उसे घेर लिया और उसकी बहन को जबरदस्ती ले जाने की कोशिश करने लगा। भाई मधुर्ज्य बर्मन ने इसका विरोध किया और बदमाशों से बहस करने लगा। इस दौरान धारदार हथियार से मुस्लिम कट्टरपंथियों ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें उसने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल बहन को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में मुख्य आरोपित आशिक अली उर्फ रोज अली को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की घोलियाओं से वह घायल हो गया था, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मधुर्ज्य बर्मन अपनी बहन के साथ नलबाड़ी शहर से किताबें खरीद कर अपने घर गंगापुर जा रहे थे। वह वेस्ट नलबाड़ी रीजनल ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन का सहायक महासचिव था। जब वे दोनों गंगापुर पुल के नजदीक पहुँचे, तो कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों ने स्कूटी रोकने के लिए मजबूर कर दिया। स्कूटी रोकने पर बहन को खींचने की कोशिश की। इसका भाई बर्मन ने विरोध किया। कट्टरपंथियों ने भाई को जमकर पीटा और बचाने आई बहन को भी मार कर घायल कर दिया। दोनों को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ भाई बर्मन की मौत हो गई, जबकि बहन अस्पताल में भर्ती है। घटना के बाद पुलिस ने कई आरोपितों को पकड़ा, लेकिन मुख्य आरोपित रोज अली फरार रहा। पुलिस को जैसे ही उसकी जानकारी मिली। उसे पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस ने इस दौरान 4 इलाकों में उसे ढूँढा। पुलिस टीम जब उस तक पहुँची, तो आरोपित ने भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस को गोली चलाना पड़ा, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस दूसरे आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

# विद्यालयों में कागजों पर नहीं चलेगी लाइब्रेरी, पुस्तकों की आपूर्ति व भुगतान का सत्यापन कराएगी योगी आदित्यनाथ सरकार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के क्रम में चयनित परिषदीय विद्यालयों के पुस्तकालयों के लिए क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का जनपदवार सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया है।

प्रदेश सरकार विद्यालयों में पुस्तकालयों और पठन-पाठन संसाधनों को मजबूत बनाने पर विशेष बल दे रही है। विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने, ज्ञान के दायरे का विस्तार करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी उद्देश्य से क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान संबंधी अभिलेखों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा, ताकि संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप सुनिश्चित हो सके। जारी निर्देशों



के अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को चयनित प्रकाशकों एवं आपूर्तिकर्ताओं से उपलब्ध कराए गए विवरणों का जनपद स्तर पर उपलब्ध अभिलेखों से मिलान करना होगा। सत्यापन के उपरांत प्रमाणित विवरण शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर शासन स्तर पर समीक्षा की जाएगी, जिससे पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आकलन हो सकेगा। साथ ही भविष्य में संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और प्रभावी उपयोग के लिए भी ठोस आधार तैयार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों में शिक्षा विभाग में तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, ऑनलाइन ट्रैकिंग, डेटा आधारित अनुश्रवण और जवाबदेही पर आधारित कार्यसंस्कृति को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है। पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों के सत्यापन की यह पहल उसी श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ उनके वास्तविक परिणामों की निगरानी को भी मजबूत बनाना है। योगी आदित्यनाथ सरकार की स्पष्ट नीति है कि शिक्षा से जुड़े प्रत्येक संसाधन का लाभ विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की विसंगति की गुंजाइश न रहे। सत्यापन की इस प्रक्रिया से प्रशासनिक जवाबदेही को और मजबूती मिलेगी, साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि विद्यालयों के लिए उपलब्ध कराए गए शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप हो रहा है।

# लोक अदालतों को तलाक देने का अधिकार नहीं, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

( यंग भारत न्यूज )

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण कानूनी फैसले में स्पष्ट किया है कि लोक अदालत या जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को वैवाहिक विवादों में तलाक की डिक्री देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।




उच्च न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि विवाह विच्छेद (तलाक) की डिक्री पारित करने का अनन्य क्षेत्राधिकार केवल और केवल परिवार न्यायालय के पास सुरक्षित है। लोक अदालतें केवल पक्षकारों के बीच आपसी समझौता या सुलह कराने का माध्यम हैं, उन्हें नियमित अदालतों की तरह न्यायिक निर्णय सुनाने की शक्ति प्राप्त नहीं है। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति ए.के. चौधरी की खंडपीठ ने यह ऐतिहासिक फैसला एक पीड़ित महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया। महिला ने वर्ष दो हजार अठारह में उन्नाव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हुए समझौते को उसके पति ने अंतिम तलाक (ष्ठद्व1श्रह्म्ष्द्ग) मान लिया था और उसी को आधार बनाकर दूसरा विवाह कर लिया था। इस पर गंभीर नाराजगी जताते हुए खंडपीठ ने कहा कि जब कानून स्वयं लोक अदालत को तलाक देने से स्पष्ट रूप से रोकता है, तो विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसा आदेश पारित करना सीधे तौर पर अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण और कानून का उल्लंघन है। न्यायालय ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम उन्नीस सौ सतासी तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम दो हजार नौ का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि तलाक जैसे संवेदनशील मामलों को अंतिम निर्णय के लिए लोक अदालत में कतई नहीं भेजा जा सकता। हाईकोर्ट ने आदेश में रेखांकित किया कि लोक अदालत के समक्ष हुए किसी समझौते में यह उल्लेख करना कि दोनों पक्ष अब पुनर्विवाह के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं, कानूनन पूरी तरह अस्वीकार्य, शून्य और अवैध है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चूंकि दोनों पक्षों के बीच आज तक किसी सक्षम परिवार न्यायालय द्वारा विधिवत तलाक की डिक्री पारित नहीं की गई है, इसलिए पति द्वारा उस समझौते को वैधानिक तलाक मानना विधि सम्मत नहीं है। मामले का पूरी तरह निस्तारण करते हुए हाईकोर्ट ने याची महिला को कानून के दायरे में रहकर अपने अधिकारों के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करने की पूरी स्वतंत्रता प्रदान की है। इसके साथ ही, अदालत ने इस आदेश की एक-एक प्रति उत्तर प्रदेश की सभी लोक अदालतों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को भविष्य में कड़ाई से अनुपालन और मार्गदर्शन के लिए भेजने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले के अंत में यह संदेश भी दिया कि लोक अदालतें देश में त्वरित और सुलभ न्याय व्यवस्था का एक बेहद महत्वपूर्ण व सराहनीय माध्यम हैं, लेकिन उन्हें हमेशा अपने अधिकार क्षेत्र की वैधानिक सीमाओं में रहकर ही कार्य करना चाहिए और नियमित अदालतों के लिए आरक्षित न्यायिक क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

# 4 बच्चों का बाप घर लाया दूसरी बीवी, गुस्साए मायके वालों ने बिजली के खंभे से बांध दी 'बेटी की सास'; पुलिस ने शांत कराया बवाल!

( यंग भारत न्यूज )

गिरिडीह के तिसरी थाना क्षेत्र के चंदौरी गांव में एक पारिवारिक विवाद ने उस समय सनसनी फैला दी, जब चार बच्चों का पिता पिंटू कुमार कथित तौर पर एक दूसरी महिला को लेकर अपने घर पहुंच गया. घर में दूसरी महिला के पहुंचते ही पहली पत्नी और परिवार के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते मामला पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया.



जानकारी के अनुसार, घटना की खबर मिलते ही पहली पत्नी के मायके पक्ष की महिलाएं बड़ी संख्या में युवक के घर पहुंच गईं. आरोप है कि पिंटू कुमार के नहीं मिलने पर गुस्साए लोगों ने उसकी मां मालती देवी को पकड़ लिया. मालती देवी स्वास्थ्य विभाग में सहिया के पद पर कार्यरत हैं. बताया जाता है कि महिलाओं ने मालती देवी को गांव में एक बिजली के खंभे से बांध दिया और बेटे को बुलाने की मांग करने लगीं. गांव के बीचों-बीच हुई इस घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. इस घटना की सूचना मिलने पर तिसरी थाना प्रभारी शंभू नन्द ईश्वर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए महिला को मुक्त कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया. मालती देवी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट भी की गई, जबकि दूसरे पक्ष की महिलाओं ने इन आरोपों को खारिज किया है. घटना को लेकर दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं. फिलहाल पुलिस युवक और उसके साथ आई महिला को थाना ले जाकर पूछताछ कर रही है. बताया जा रहा है कि युवक के साथ आई महिला पहले से विवाहित थी और उसके तलाक को लेकर भी चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# नगर में बीएड प्रवेश परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता और शांति पूर्वक हुई संपन्न, AI से हुई निगरानी

- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 का जिलाधिकारी एवं कुलपति ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम से किया अवलोकन
- जनपद में नकलविहीन,सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम ने किया बुंदेलखंड विश्वविद्यालय केंद्र का निरीक्षण
- परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी शामिल ना हो, का निरीक्षण के दौरान लिया गया संज्ञान,कक्ष निरीक्षक को निर्देश कि सख्ती से करें सुनिश्चित



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीशिव प्रताप शुक्ल ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा का किया निरीक्षण, नगर के 12 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में पूर्वाहन 09:00 से 12:00 तक तथा द्वितीय पाली अपराहन 02.00बजे से 05.00 बजे तक आयोजित हुई परीक्षा।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ङ्ख.द्गस्र प्रवेश परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे सहित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और जनपद सहित प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों में संचालित परीक्षा कक्ष को देखा। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परीक्षा भवन में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। बी0एड0परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुनिश्चित किया। इसकी जानकारी उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से भी ली। नगर में बी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 12 परीक्षा केंद्रों पर संपादित हुई। प्रवेश परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा वॉइस रिकॉर्डर के साथ,विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय,रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया गया। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसका अनुपालन किया गया। समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्ध रहा, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया गया। आज बी0एड0 प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के आस-पास धरना प्रदर्शन, जुलूस, जनसभा का आयोजन तथा लाउडस्पीकर का भी कोई प्रयोग नहीं किया गया, केंद्र के आसपास फोटो स्टेट मशीन बंद रखी गईं। परीक्षा के मद्देनजर जनपद झांसी में द0प्र0स0 की धारा-163 प्रभावी रही, सभी अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट द्वारा धारा-163 द0प्र0स0 का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 06 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते हुए परीक्षा पूर्ण शांति और शुचिता के साथ संपन्न करायी गई। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2026-28 संयुक्त प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा नगर में 12 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों संपन्न हुई। प्रथम पाली पूर्वाहन 09:00 से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 02:00 से 05:00 तक सकुशल संपन्न हुई। प्रथम पाली में परीक्षा केंद्रों पर 4406 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा हेतु पंजीकृत हुए, जिसमें 3781 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, तथा 625 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही द्वितीय पाली में भी 4406 परीक्षार्थी लिखित परीक्षा हेतु पंजीकृत हुए, 3781 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे तथा 625 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, प्रोफेसर मुन्नाजी सहित सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट पुलिस विभाग के अधिकारी केंद्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# खरका मेंः आर पी निरंजन ने किया नेत्र शिविर का उद्घाटन



( सरजूशरण पाठक )
( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।**ः ग्राम पंचायत खरका में स्वर्गीय प्यारे राजा बुंदेला (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं विधान परिषद निधि द्वारा निर्मित अमर क्रांतिकारी छत्र सिंह बुंदेला स्मृति द्वार के उद्घाटन एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने फीता काटकर किया।उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि ग्राम मे 100 मीटर सीसी एवं गाँव के बाहर प्रतीक्षालय विधान परिषद निधि से निर्माण होगा! एवं क्रांतिकारी के इतिहास को जनता के सामने साझा करके विरता को नमन किया! यह आयोजन समाज सेवा, जनकल्याण एवं अपने महान पूर्वजों के गौरवशाली योगदान को स्मरण करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के जय प्रकाश चौबे,डॉ राहुल पांडेय , अखिलेश यादव एवं उनकी टीम के द्वारा गाँव मे 100 मरीजों की आँखों की जांच हुई एवं 30 मरीजों को मोतियाबिंद निकला और 45 मरीजों को चश्मा लगे और कुछ को दवा दी गई!!

अंत मे कार्यक्रम संयोजक कुँवर अंश सिंह बुंदेला ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर एम.एल.सी प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल भडोकर, महेशचंद्र बिदुआ, भारत सिंह बुंदेला, अरविंद्र सिंह बुंदेला, अवध किशोर रिछारिया , मूरत पटेल , शत्रुघ्न बुंदेला (मंडल उपाध्यक्ष), छत्रपाल सिंह परमार, पुष्पेंद्र प्रधान गढ़वई, अजय पटेल, प्रदुम पटेल, प्रिंस पठा, रानू महाराज, आशीष ककरवई, भरत बुंदेला (पूर्व प्रधान खरका), अरविंद बुंदेला,श्याम सिंह यादव, नीतू बुंदेला, राणाजी, कुँवर नरेंद्र बुंदेला, कुँवर घनेद बुंदेला, कुँवर यशवंत प्रताप, भान सिंह, छत्रपाल परमार, मंगल परिहार, पं. बृजेश विदुआ, बूथ अध्यक्ष रिंकू गुप्ता,राजबहादुर चौहान, प्रवक्ता शैलू राजा, देवी शरण गुप्ता, करण पाल, लाला राम अहीरवार, अखिलेश बरार, रामाधर यादव जी सहित अनेक क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा की निकाली भव्य कलश यात्रा

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम खड़ौरा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा झुवार के हनुमानजी मंदिर से प्रारंभ होकर गांव में घोड़ा बैंड बाजों के साथ भ्रमण करते हुए हनुमानजी मंदिर पहुंची। सोमवार 1 जून से संगीतमय श्रीमद्भागवत का वाचन सुश्री प्रिंशी अरजरिया करेंगी।रात्रि में रामलीला का मंचन होगा। वहीं ग्राम खेरी में श्री राम जानकी मंदिर पर यज्ञ एवं भागवत कथा का भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा वाचिका साध्वी पीताम्बरा दीदी ने भागवत की कथा प्रारम्भ करते हुए महात्म्य की कथा सुनाई।

# सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई एवं शुभकामनाएँ

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** रविवार को पुलिस लाइन सभागार, झाँसी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण झाँसी डॉ0 श्री अरविन्द कुमार द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को उनके दीर्घ, समर्पित एवं सराहनीय सेवाकाल हेतु सम्मानित करते हुए भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान प्राप्त अनुभव, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा समाज एवं विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की तथा उनके द्वारा विभाग को प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की।

आज सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण का विवरण निम्नवत् है-

1-उ0नि0 कृष्णमुरारी

2-फायरमैन राजेन्द्र सिंह सेंगर

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को भावभीनी विदाई दी।

# लोककल्याणकारी शासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती मनाई

( यंग भारत न्यूज )



**समथर।** भगवान शिव की अनन्य भक्त एवं लोककल्याणकारी शासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद एवं बाबा महाकाल सेवा समिति, समथर द्वारा सेवा कार्य का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने हेतु शीतल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के कार्यकर्ताओं एवं विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा सेवा भाव से लोगों को शरबत पिलाया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए धर्म, संस्कृति और जनकल्याण के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, धर्म रक्षा और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए सेवा और जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाना था। इस अवसर पर जिला सहमंत्री विहिप भरत शरण मोनू नगाइच, नगर अध्यक्ष विहिप रोहित सविता, सरनाम कुशवाहा, संजू पंडा, नितिन गुप्ता, चिराग नामदेव, बबलू गुर्जर, शुभम त्रिपाठी, पारस व्यास, आशुतोष व्यास, कपिल कुरचानिया, राहुल रायकवार, रवि पाल बसोबई, चंद्रशेखर बघेल, पहलवान पाल, बड़े पाल, हरिशंकर पाल आदि उपस्थित रहें

# शादीशुदा शख्स संग दिखी महिला, पत्नी ने बीच सड़क पर उतार दिया 'प्यार का भूत'; पति खड़ा देखता रह गया

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश के आगरा जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। यहां एक विवाहिता ने अपने पति को कथित तौर पर उसकी प्रेमिका के साथ देख लिया। इसके बाद जो हुआ, उसने सड़क को कुछ देर के लिए अखाड़े में बदल दिया। पत्नी का गुस्सा इस कदर फूट पड़ा कि उसने पति की प्रेमिका को बीच सड़क पर रोक लिया और दोनों के बीच जमकर हाथापाई शुरू हो गई।

जानकारी के मुताबिक मामला आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र स्थित टीडीआई मॉल के पीछे का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक महिला को अपने पति पर पहले से शक था। इसी बीच उसने पति को एक अन्य महिला के साथ देख लिया। पति को कथित प्रेमिका के साथ देखकर पत्नी का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। विवाद बढ़ने के साथ दोनों महिलाओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की और मारपीट होने लगी। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए गाली-गलौज भी कर रही थीं। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि हाथापाई के दौरान एक महिला के कपड़े तक फट गए। वहीं दूसरी महिला खुद का बचाव करने के लिए सड़क किनारे पड़ी ईंट उठा लेती है। हालांकि वहां मौजूद लोगों और पति ने किसी तरह दोनों को अलग करने की कोशिश की। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा असहज स्थिति पति की दिखाई दी। एक तरफ पत्नी का गुस्सा था तो दूसरी तरफ प्रेमिका के साथ विवाद बढ़ता जा रहा था। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पति लगातार दोनों महिलाओं को अलग कराने और मामला शांत कराने की कोशिश करता नजर आ रहा है।

# आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर बनाता था संबंध, महिला ने सेक्स करने के लिए युवक को घर बुलाकर की हत्या, तीन गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक सनसनी मामला सामने आया है। यहां एक खेत में बोरी में बंद मिली लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला ने अपने पति और देवर के साथ मिलकर युवक की हत्या की थी। पुलिस ने महिला, उसके पति और देवर को गिरफ्तार किया है। युवक का महिला के साथ अवैध संबंध था। युवक के पास महिला का आपत्तिजनक वीडियो था जिस कारण से वह महिला को ब्लैकमेल करता था। पुलिस की पूछताछ में महिला ने बताया कि युवक आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन कई बार संबंध बनाया था। महिला इस घटना के बाद से परेशान थी। जिसके बाद उसने युवक के हत्या का प्लान बनाया। महिला ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात भी युवक ने सेक्स करने प्रेशर बना रहा था। युवक की डिमांड इससे परेशान होकर महिला ने उसे अपने घर सेक्स के लिए बुलाया। जैसे ही युवक घर पहुंचा महिला ने उसके सिर पर लोहे की राड से हमला कर दिया। इससे युवक की मौत हो गई। इसके बाद महिला के पति और देवर ने लाश को ठिकाने लगाने और सबूत को मिटाने में उसकी मदद की। तीनों शव को बोरी में भरकर सोंढा गांव के पास फेंक आए। घटना कवर्धा जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र के सोंढा गांव की है। मृतक की पहचान बैहरसरी निवासी 23 वर्षीय कोमल वर्मा के रूप में हुई हुई। 28 मई को युवक अपने घर से निकला था लेकिन लौटकर नहीं आया। जिसके बाद उसके परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। अगले दिन पुलिस को खेत में एक लाश मिली। जिसकी पहचान कोमल वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने युवक की कॉल डिटेल्स निकाली तो उसकी आखिरी बार मंदाकिनी वर्मा से बात हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मंदाकिनी वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस की सख्ती के सामने वह टूट गई और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मंदाकिनी के पति और देवर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर जयंती का आयोजन सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी** । आज सामाजिक समरसता मंच, झाँसी महानगर के तत्वाधान में अहिल्याबाई होलकर तिराहे (जीवनशाह तिराहे पर अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती का आयोजन प्रातः 8 बजे किया गया। इस अवसर पर मंच के प्रांतीय संयोजक रवि शंकर गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा शिवकुमार भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी उपस्थित अतिथियों, मंच के पदाधिकारियों व अन्य आमंत्रित जनों ने अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । इस अवसर पर प्रांत संयोजक ने अपने उ?द्बोधन में कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। उन्होने एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्म लेकर अपनी जीवन यात्रा प्रारम्भ की और अपने कृतित्व एक असाधारण शासनकर्ता व कुशल प्रशासक बनी। उनका तीस वर्ष का शासन काल होल्कर वंश के इतिहास का उत्कृष्ट काल रहा है। किसी ने भी उनके नीति, नियम व निर्णय पर उंगली नहीं उठाई। उनका लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों, भीलों जैसे जनजातीय समूहों तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था ।समाज के सभी वर्गों का सम्मान, सुरक्षा, प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार रही ।लोकमाता का सम्पूर्ण जीवन सादगी सम्पन्न, उज्ज्वल चरित्र, धर्म पारायण, प्रजावत्सलता का अप्रतिम उदाहरण था।

वे थीं तो मालवा राज्य की साम्राज्ञी लेकिन उनकी दृष्टि अखिल भारतीय थी इसलिए उन्होने अपने व्यक्तिगत कोष से अधिकांश ज्योतिर्लिंगों, तीर्थ स्थलों, नदियों पर घाटों, धर्मशालाओं, अन्नक्षेत्रों, तालाबों का निर्माण सम्पूर्ण भारतवर्ष में कराया था। अहिल्याबाई के इन्हीं जन हितेशी, धर्मोन्नयन के कार्यों के कारण उन्हें पुण्यश्लोका व लोकमाता कहा जाता है। उनके दिखाये, सादगी, चरित्र्य सम्पन्न जीवन व आध्यात्मिक आदर्शों से हम सभी प्रेरणा ले सकते हैं। मुख्य अतिथि शिव कुमार भार्गव ने उपस्थित लोगों से अपेक्षा व्यक्त की वे लोकमाता के जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर वैभव सम्पन्न राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के विभाग संयोजक सीताशरण तिवारी, झाँसी ग्रामीण के संयोजक मुन्ना लाल विश्वकर्मा, सेवाभारती के प्रांतीय सदस्य मनोज आदि गणमान्य सज्जन उपस्थित थे । कार्यक्रम के अंत में सामाजिक समरसता मंच के महानगर संयोजक विपिन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718